ग्रेनो मेट्रो के स्मार्ट कार्ड के लिए 24 को शिविर

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

फेज टू स्थित एनएसईजेड में काम करने वाले कर्मचारी 24 मई को एनएसईजेड स्टेशन पर ही नोएडा-ग्रेनो मेट्रो में सफर करने के लिए स्मार्ट कार्ड बनवा सकते हैं। सुबह 10 से 5 बजे तक खासतौर से इनके लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा।

स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड या आधार कार्ड नंबर सही बताना होगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की प्रवक्ता संध्या शर्मा का कहना है कि स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिए कर्मचारियों को आधार कार्ड साथ लाना होगा। शुरूआत में स्मार्ट कार्ड कम से कम 300 रुपए का पड़ेगा। इसमें 100 रुपए स्मार्ट कार्ड की कीमत और 200 रुपए का टॉप अप मिलेगा। अधिकतम 2 हजार रुपए का टॉप अप कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि 24 मई को एनएसईजेड स्टेशन पर लगने वाले विशेष कैंप में कर्मचारियों के स्मार्ट कार्ड से संबंधित हर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एनएसईजेड में स्थित कंपनियों में काम करने वाले करीब 40 हजार कर्मचारी नोएडा, ग्रेटर नोएडा व दिल्ली से यहां काम करने आते हैं।